

# Integrated Child Development Services

CREATING ANGANWADI CENTRES

PROJECT TEAM

Aastha Jain
Anchal Sayal
Swati Janu

August 2022

## ACKNOWLEDGEMENTS

This manual has been co-produced by WIEGO-Focal City Delhi and Social Design Collaborative. We would also like to thank Snehlata Bhardawaj, Mobile Creches and Abdul Shakeel, Basti Suraksha Manch who supported the research in understanding the implementation of the various policies on ground.

## ABBREVIATIONS

**ANM** Auxiliary Nurse Midwife

**ASHA** Accredited Social Health Activist

**CDPO** Child Development Project Officer

**ICDS** Integrated Child Development Services

**PGMS** Public Grievance Management Services

**PHC** Primary Health Care Centre

**WDCWD** Women Development & Child Welfare Department



## TABLE OF CONTENTS


**I. WHO CAN USE THIS MANUAL?** 4

**II. ICDS** 5

A. What is ICDS
B. Objectives of ICDS
C. Minimum requirement for an anganwadi
D. Key services
E. Key beneficiaries
F. Frequency of services
G. Service providers

**III. HOW TO SETUP AN ANGANWADI IN YOUR NEIGHBORHOOD?** 12

A. How is an anganwadi setup?
B. Step by step process of setting up anganwadi
C. How to get information?

**IV. HOW TO MONITOR AN ANGANWADI?** 14

A. What should an existing anganwadi have?

01 Spatial standards and requirements
02 Nutritional standards
03 Responsibilities of an anganwadi worker

B. How to file a complaint/ suggestion?

**SOURCES**

# I. WHO CAN USE THIS MANUAL?


This manual has been designed to support ground-level practitioners and activists in accessing Integrated Child Development Services (ICDS). It provides essential information about the process of setting up and monitoring of anganwadi centres. The information in this booklet can be useful to access and ensure good quality of child care services provided by the Government. The standards used in the booklet are taken from Delhi.






# II. ICDS

## A. WHAT IS ICDS?



**I**ntegrated **C**hild **D**evelopment **S**ervices which was

| | |
|---|---|
| STARTED IN | 1975 |
| BY | Ministry of Women and Child development |
| FOR | Facilitating early child care development by providing healthcare, nutrition, education and monitoring services to the pregnant women, lactating mothers and the child. |

## B. OBJECTIVES OF ICDS


- Improve health and nutrition of children
- Promote child development by connecting various departments
- Encourage proper mental, physical and social growth of the child
- Educate the mother about the health and nutritional needs of the child (Ante-natal & post-natal care)
- Reduce the rate of death, diseases, malnutrition and student dropout

## C. MINIMUM REQUIREMENT OF AN ANGANWADI




For every 800 people, an anganwadi can be set up

## D. KEY BENEFICIARIES



Children
3 - 6 Years



Pregnant
Women



Lactating
Mothers

* Children of 0-3 years and women of 15-45 years are also beneficiaries in anganwadis.

## E. KEY SERVICES

An anganwadi provides following services:


Nutrition & Health Education




Immunization



Pre Primary Education





Supplementary Nutrition






Health Checkups



Referral Services



## F. FREQUENCY OF SERVICES

| SERVICES | FREQUENCY | BENEFICIARY |
|---|---|---|
| **Pre Primary Education** | Daily |  |
| **Supplementary Nutrition** | Daily |  |
| **Nutrition & Health Education** | Monthly |  |
| **Immunization** | Monthly |  |
| **Health checkups** | Monthly |  |
| **Referral Services** | Need Based |  |

## G. SERVICE PROVIDERS

### KEY SERVICE PROVIDERS



Anganwadi Worker



Anganwadi Helper

### AUXILIARY STAFF



ASHA Worker



Auxiliary Nurse Midwife

### ADMINISTRATIVE STAFF



District Development Officer



Child Development Project Officer



Supervisor

# III. HOW TO SETUP AN ANGANWADI IN YOUR NEIGHBORHOOD ?

## A. HOW IS AN ANGANWADI SETUP?

Integrated Child Development Services are provided through anganwadi centres run by Women and Child Welfare Department. These centres are run and setup government. However, the need of a centre can be identified by both the government as well as community themselves.

**Identification of the need of an anganwadi centre**

Government OR Public

### 1 Anganwadi set up by Government

Government identifies the need for an anagnwadi in a community and sets up centres in the following two ways:

Built OR Rented



1 Identification of an anganwadi

2 Construction of an new centre

Registration of a rented premise

3 Allocation of funds

### 2 Anganwadi set up by people

Social workers, community members and activists can demand for an anganwadi centre through a provision called Anganwadi On Demand.

**ANGANWADI ON DEMAND**

Through Anganwadi on demand, community can now identify their own need for an Anganwadi Centre and demand to access the service. The guidelines for the policy are as follows:

1. >40 children — Atleast 40 Children below the ages of 6 years
2. rural & slums — For rural and slum dwellers
3. in 3 months — To be allocated within 3 months of demand

## B. STEP BY STEP PROCESS OF SETTING UP AN ANGANWADI

An anganwadi centre through Anganwadi On Demand can be accessed by public through the following process:

### 1 Survey the Community



The community needs to identify at least 40 children below the age of 6 years with no access to an anganwadi service.

An anganwadi can be set up if there are at least 40 children between the age of 0-6 years

## 2 Compile the documents

**Beneficiary list** is a list of children in the neighborhood. It can also include the count of pregnant and lactating mothers.



**BENEFICIARY LIST**

- ☐ Name of the child
- ☐ Age
- ☐ Parent Name
- ☐ Address


A **letter addressed to the Ministry** expressing the need for an anganwadi needs to be written including following details:

**LETTER TO THE MINISTRY**

- ☐ Address of the community
- ☐ Population
- ☐ Total no. of beneficiaries
- ☐ Contact ID

Signatures of MLA, Counsellors, Municipality, Delhi Commission for Protection of Child Rights (DCPCR) can make the application stronger

## 3 File the application



Application can be filed by either or all of the following ways:

| | | |
|---|---|---|
| Physical | ⇨ | CDPO |
| Via post | ⇨ | CDPO or WCDWD Head |
| Online | ⇨ | PGMS |



| | |
|---|---|
| **CDPO** | Child development project officer |
| **WDCWD** | Women Development & Child Welfare Department |
| **PGMS** | Public Grievance Management Services |

## Inspection of the application 4

The CDPO checks the legitimacy of the demand. On inspection following points are verified:



- Beneficiary data
- Space requirement for anganwadi

## 5 Allocation of Anganwadi Centre



Post verification, Anganwadi is allocated to the community either running through a rented space or a new built center. Funds and provisions are provided in 60:40 share by central and state government.

Can anyone file for an Anganwadi?
YES

3 AN ANGANWADI ON DEMAND SHOULD BE ALLOCATED WITHIN 3 MONTHS OF APPLICATION.

## C. HOW TO GET INFORMATION?

### STATUS OF EACH ANGANWADI CENTRE

To get information about a specific anganwadi, log on to icds-wcd.nic.in . Under 'Know your AWC' following information can be accessed:

1. Beneficiary Count
2. Nutritional Status
3. Infastructural Status
4. Address
5. Contact
6. Staff Details

### STATUS OF EACH STATE

With the support of government dashboards (wcd.dashboard.nic.in/), information about status of the service of every state in India can be accessed.

1. Sanctioned Centres
2. Operational Centres
3. Anganwadi in rented space
4. With child friendly toilet facility
5. With drinking water facility
6. Anganwadi in Govt/ community school



# IV. HOW TO MONITOR AN ANGANWADI ?

## A. WHAT SHOULD AN EXISTING ANGANWADI HAVE?

### 01 Spatial Requirements and standards

The centres should be located such that children's homes are within the distance of 500 m.

1. **Space** 600 sq ft or 12 sq ft per child
2. **Building Materials** Local & Eco-friendly
3. **Child friendly** Toilets
4. **Separate Kitchen** For preparing food
5. **Separate spaces** For women & children
6. **Adequate space** Indoor + Outdoor

The anganwadi policy lays down minimum required guidelines for building the centres. The 600 sq feet area should include following facilities:

- Toilets (Children)
- Toilets (Staff)
- Kitchen
- Multi purpose hall
- Counseling Room

## 02 Nutritional Standards

The scheme offers food for a minimum of **300** days of year to all the beneficiaries in different forms. On the basis of calories and proteins in requirements, beneficiaries receive different portions.

| BENEFICIARY | CALORIE | PROTEIN | MEAL |
|---|---|---|---|
| **0-3 years** | 500 | 12-15 *grams* | |
| **3-6 years** | 500 | 12-15*grams* | |
| **Severe Acute Malnutrition (SAM)** | 800 | 20-25 *grams* | |
| **Pregnant & Lactating Mothers** | 600 | 18-20 *grams* | |

### DELHI'S MEAL CHART

Cooked meals are provided everyday. The menu provided by the Delhi Government includes:

COOKED MEAL

**Lunch**
*Halva*
*Khichri*
*Pulav*
*Salty daliya*
*Sweet daliya*

**Snacks**
*Boiled peas*
*Boiled black gram*

TAKE HOME RATION

**Children**
(7 months - 1 year)
*Panjeeri*

**Children**
(1 year - 3 Years)
*Panjeeri*
*Cooked Food*



## 03 Responsibilities of an anganwadi worker

Working Hours for an anganwadi worker
**9:00 AM - 4:00 PM**

**1 Anganwadi services**

Health monitoring
Non formal pre-school activities
Supplementary nutrition
Health and nutrition education
Referral services

**2 Assistance to the team**

Assist ANM, PHC and ASHA worker

**3 Administrative work**

Survey of all families
Records of mortality
ICDS files and records
Coordination with CDPO

**4 Umbrella ICDS**

Implementation of Kishori Shakti Yojna

**5 Community support**

Family participation
Support from Mahila Mandals

## B. HOW TO FILE A COMPLAINT/SUGGESTION?

### 1 For Community, Activists and Social Practitioners



**Public Grievance Management Service**

PGMS is an online portal for submitting public grievances in Delhi. To File an application under PGMS, following information is required:

- Problem Case
- Site Address
- Department Addressed
- Documents

### 2 For Front-line Workers



**ICDS - CAS**

ICDS- CAS is a mobile application for frontline workers pan India. While appointing workers under the anganwadi services, training of the mobile application is provided. Survey reports, on-ground status, demand for services etc. are uploaded for regular monitoring through this application.

## SOURCES


1) Ministry of Women & Child Development. (2012). Integrated Child Development Services. http://icds-wcd.nic.in/


2) Ministry of Women & Child Development. (2009) Guidelines on 'Anganwadi On Demand'.

3) Department of Women & Child Development, Delhi. http://www.wcddel.in/icds.html

4) National Institute of Public Cooperation & Child Development. Best Practices in Anganwadi services scheme under Umbrella ICDS. https://www.nipccd.nic.in/uploads/report/bestprac-1pdf-1f95bd5a02a6085276419857fd6418d3.pdf

5) Ministry of Women & Child Development. Role and responsibilities of AWW. https://wcd.nic.in/sites/default/files/Roles%20and%20Responsibilities%20of%20AWWs.pdf

6) ICDS CAS Dashboard. http://icds-wcd.nic.in/nnm/NNM-Web-Contents/LEFT-MENU/ICT-RTM/ICDS-CAS_Dashboard_Manual_English.pdf




# एकीकृत बाल विकास सेवाएं

## आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण

**प्रोजेक्ट टीम**

आस्था जैन
अंचल सायल
स्वाति जानू

SOCIAL
DESIGN
COLLAB

अगस्त 2022

## आभार

इस नियमावली/मैनुअल का सह-निर्माण, फोकल सिटी दिल्ली, WIEGO- फोकल सिटी दिल्ली और सोशल डिज़ाइन कोलैबोरेटिव द्वारा किया गया है। हम स्नेहलता भारद्वाज, मोबाइल क्रेच और अब्दुल शकील, बस्ती सुरक्षा मंच को धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने विभिन्न नीतियों के जमीन पर कार्यान्वयन को समझने में हमारी मदद की।

# शब्द -संक्षेप

**ANM** सहायक नर्स दाई

**ASHA** मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**CDPO** बाल विकास परियोजना अधिकारी

**ICDS** एकीकृत बाल विकास सेवाएं

**PGMS** लोक शिकायत प्रबंधन सेवाएं

**PHC** प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र

**WDCWD** महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग



# विषयसूची

**I.** **इस नियमावली/मैनुअल का उपयोग कौन कर सकता है?** **4**

**II.** **ICDS** **5**

A. ICDS क्या है
B. ICDS के उद्देश्य
C. आंगनवाड़ी के लिए न्यूनतम आवश्यकता
D. प्रमुख सेवाएं
E. प्रमुख लाभार्थी
F. सेवाओं की बारम्बारता
G. सेवा प्रदानकर्ता

**III.** **अपने पड़ोस में एक आंगनवाड़ी कैसे स्थापित करें?** **12**

A. आंगनवाड़ी की व्यवस्था कैसी होती है?
B. आंगनवाड़ी स्थापित करने की चरणबद्ध प्रक्रिया
C. जानकारी कैसे प्राप्त करें?

**IV.** **आंगनवाड़ी की निगरानी कैसे करें?** **14**

A. एक मौजूदा आंगनवाड़ी में क्या-क्या होना चाहिए?

01 जगह के आकार के मानक और आवश्यकताएं
02 पोषण मानक
03 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की जिम्मेदारियां

B. शिकायत/सुझाव कैसे दर्ज करें?

**स्रोत**

# I. इस मैनुअल का उपयोग कौन कर सकता है?


इस मैनुअल/नियामवली को जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों को एकीकृत बाल विकास सेवाओं (ICDS) तक पहुँच में सहयोग देने के लिए तैयार किया गया है।

यह मैनुअल आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना और निगरानी की प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। इस पुस्तिका में दी गई जानकारी, सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली बाल देखभाल सेवाओं तक पहुँच हासिल करने और उनकी अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपयोगी हो सकती है। पुस्तिका में प्रयुक्त मानक दिल्ली से लिए गए हैं।




# II. ICDS

## A. ICDS क्या है?



**एकीकृत बाल विकास सेवाएं**

**जिन्हें** 1975

बाल विकास मंत्रालय द्वारा

गर्भवती महिला, मां और बच्चे के स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, शिक्षा और निगरानी सेवाएं प्रदान करने हेतु तथा प्रारंभिक बाल देखभाल विकास को सुगम बनाने के लिए शुरू किया गया था

## B. ICDS के उद्देश्य


- बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार।
- विभिन्न विभागों को आपस में जोड़कर बाल विकास को बढ़ावा देना
- बच्चे के उचित मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना
- बच्चे के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों के बारे में मां को शिक्षित करना (प्रसव पूर्व देखभाल, प्रसवोत्तर/प्रसव के बाद देखभाल)
- मृत्यु दर, बीमारियों, कुपोषण और छात्रों के स्कूल छोड़ने की दर को कम करना

## C. एक आंगनवाड़ी की न्यूनतम आवश्यकता




प्रत्येक 800 व्यक्तियों के लिए एक आंगनवाड़ी तैयार की जा सकती है।

## D. प्रमुख लाभार्थी



बच्चे
(3-6 वर्ष)



गर्भवती
माताएं



स्तनपान कराने वाली
माताएं

*आंगनबाडी में 0-3 वर्ष के बच्चों एवं 15-45 वर्ष की महिलाओं को भी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

## E. प्रमुख सेवाएं

आंगनवाड़ी निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करती है:


पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा



टीकाकरण



पूर्व प्राथमिक
शिक्षा






न्यूनतापूर्वक पोषण







स्वास्थ्य जांच



रेफरल सेवाएं

## F. सेवाओं की बारम्बारता - कितनी बार सेवाएं ली गई ?

| सेवाएं | बारम्बारता | लाभार्थी |
|---|---|---|
| पूर्व प्राथमिक शिक्षा | दैनिक |  |
| न्यूनतापूर्वक पोषण | दैनिक |  |
| पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा | मासिक |  |
| टीकाकरण | मासकि |  |
| स्वास्थ्य जांच | मासकि |  |
| रेफरल सेवाएं | आवश्यकता आधारित |  |

## G. सेवा प्रदानकर्ता

**प्रमुख सेवा प्रदानकर्ता**



आंगनवाड़ी
कार्यकर्ता



आंगनवाड़ी
सहायिका

**सहायक कर्मी**



आशा
कार्यकर्ता



सहायक
नर्स दाई

**प्रशासनिक कर्मचारी**



बाल विकास परियोजना
अधिकारी



जिला विकास अधिकारी




पर्यवेक्षक

# III. अपने पड़ोस में आंगनवाड़ी कैसे स्थापित करें?

## A. आंगनवाड़ी की स्थापना कैसे होती है?

महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एकीकृत बाल विकास सेवाएं प्रदान की जाती हैं। ये केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किए जाते हैं और चलाए जाते हैं। हालाँकि, सरकार के साथ-साथ समुदाय खुद भी ऐसे एक केंद्र की जरुरत की पहचान कर सकता है।


**आंगनवाड़ी केंद्र की जरुरत की पहचान**




### 1 सरकार द्वारा स्थापित आंगनवाड़ी

एक समुदाय में आंगनवाड़ी की जरुरत की पहचान और केंद्रों की स्थापना, सरकार निम्नलिखित दो तरीकों से करती है:




### 2 लोगों द्वारा आंगनवाड़ी की स्थापना

**'आंगनवाड़ी ऑन डिमांड'** नामक प्रावधान के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता, समुदाय के सदस्य और कार्यकर्ता आंगनवाड़ी केंद्र की मांग कर सकते हैं।

**आंगनवाड़ी ऑन डिमांड**

आंगनवाड़ी ऑन डिमांड' के जरिए समुदाय अब खुद इस बात की पहचान कर सकते हैं कि उन्हें एक आंगनवाड़ी केंद्र की आवश्यकता है और साथ ही इस सेवा की मांग भी कर सकते हैं। पॉलिसी के अनुसार दिशानिर्देश इस प्रकार हैं:




## B. आंगनवाड़ी स्थापित करने की चरण दर चरण प्रक्रिया

**'आंगनवाड़ी ऑन डिमांड'** के माध्यम से जनता निम्नलिखित प्रक्रिया के जरिए आंगनवाड़ी केंद्र बनवा सकती है।

### 1 समुदाय का सर्वेक्षण



समुदाय को 6 वर्ष से कम आयु के कम से कम 40 ऐसे बच्चों की पहचान करनी होगी जिनकी पहुँच आंगनवाड़ी सेवा तक नहीं है।

**0-6 वर्ष की आयु के बीच कम से कम 40 बच्चे होने पर आंगनवाड़ी स्थापित की जा सकती है।**

## दस्तावेजों को संकलित करें 2

**लाभार्थी सूची** पड़ोस के बच्चों की एक सूची है। इसमें गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं की संख्या भी शामिल हो सकती है।



**लाभार्थी सूची**

- ☐ बच्चे का नाम
- ☐ आयु
- ☐ माता - पिता का नाम
- ☐ पता


आंगनवाड़ी की आवश्यकता व्यक्त करते हुए **मंत्रालय को संबोधित एक पत्र** निम्नलिखित विवरण सहित लिखे जाने की जरुरत होगी ।

**मंत्रालय को संबोधित एक पत्र**

- ☐ समुदाय का पता
- ☐ जनसंख्या
- ☐ लाभार्थियों की कुल संख्या
- ☐ संपर्क आईडी

**विधायक, काउंसलर/परामर्शदाता, नगर पालिका, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (DCPCR) के हस्ताक्षर आवेदन को मजबूत बना सकते हैं।**

## 3 आवेदन फाइल करें



आवेदन निम्नलिखित में से किसी एक या सभी तरीकों से दायर किया जा सकता है:

- भौतिक रूप से दफ्तर में जाकर ⇨ CDPO
- पोस्ट के माध्यम से ⇨ CDPO या WCWD अध्यक्ष
- ऑनलाइन ⇨ PGMS



| | |
|---|---|
| CDPO | बाल विकास परियोजना अधिकारी |
| WDCWD | महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग |
| PGMS | लोक शिकायत प्रबंधन सेवाएं |

## आवेदन का निरीक्षण 4

CDPO मांग की वैधता की जांच करता है। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं की पुष्टि की जाती है:



- लाभार्थी डेटा
- आंगनवाड़ी के लिए आवश्यकता जगह

## 5 आंगनवाड़ी केन्द्रों का आवंटन



सत्यापन के बाद, आंगनवाड़ी समुदाय को आवंटित की जाती है जिसे किराए के स्थान या नए बने केंद्र के माध्यम से चलाया जाएगा। फंड और बाकी प्रावधान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा 60:40 हिस्से में प्रदान किये जाते हैं ।

क्या कोई आंगनवाड़ी के लिए आवेदन कर सकता है?
हाँ

**'आंगनवाड़ी ऑन डिमांड' आवेदन के 3 महीने के भीतर आवंटित हो जानी चाहिए।**

## C. सूचना कैसे प्राप्त करें?

### प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र की स्थिति

किसी विशेष आंगनवाड़ी केंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए icds-wcd.nic.in पर लॉग ऑन करें। 'Know your AMC' / 'अपने आंगनवाड़ी केंद्र को जानें' के अंतर्गत निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की जा सकती है:

1. लाभार्थी गणना
2. पोषण स्तर
3. इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति
4. पता
5. संपर्क
6. स्टाफ विवरण

### प्रत्येक राज्य की स्थिति

सरकारी डैशबोर्ड ( wcd.dashboard.nic.in/) की सहायता से भारत के हर राज्य में आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1. स्वीकृत केंद्र
2. संचालन केंद्र
3. किराए की जगह में आंगनवाड़ी केंद्र
4. बच्चों के अनुकूल शौचालय सुविधा के साथ
5. पीने के पानी की सुविधा के साथ
6. सरकारी/ सामुदायिक स्कूल में आंगनवाड़ी केंद्र



# IV. आंगनवाड़ी की निगरानी कैसे करें?

## A. मौजूदा आंगनवाड़ी केंद्र के पास क्या होना चाहिए?

### 01 स्थान के मानक और जरूरतें

केंद्र ऐसे होने चाहिए कि बच्चों के घर 500 मीटर की दूरी के भीतर हों।

1. **जगह**
   600 फीट या 12 फीट हर बच्चे
2. **निर्माण सामग्री**
   स्थानीय और अनुकूल
3. **शौचालय**
   बच्चों के अनुकूल
4. **अलग रसोई**
   खाना बनाने के लिए
5. **अलग स्थान**
   महिलाओं और बच्चों के लिए
6. **पर्याप्त जगह**
   अंदर + बाहर

केन्द्रों के निर्माण के लिए न्यूनतम आवश्यक दिशा-निर्देशों का निर्धारण आंगनवाड़ी नीति से होता है। 600 वर्ग फुट क्षेत्र में निम्नलिखित सुविधाएं शामिल होनी चाहिए:

- शौचालय (बच्चे)
- शौचालय (स्टाफ)
- रसोईघर
- बहुउद्देशीय हॉल
- परामर्श कक्ष

## 02 पोषण मानक

यह योजना विभिन्न रूपों में सभी लाभार्थियों को वर्ष के न्यूनतम **300** दिनों के लिए भोजन प्रदान करती है। कैलोरी और प्रोटीन की आवश्यकता के आधार पर लाभार्थियों को अलग-अलग आहार के हिस्से मिलते हैं।

| लाभार्थी | कैलोरी | प्रोटीन | भोजन |
|---|---|---|---|
| 0-3 वर्ष | 500 | 12-15 ग्राम | |
| 3-6 वर्ष | 500 | 12-15 ग्राम | |
| गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) | 800 | 20-25 ग्राम | |
| गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताएं | 600 | 18-20 ग्राम | |

### दिल्ली का भोजन चार्ट

पका हुआ भोजन प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाता है। दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किए गए भोजनसूची में शामिल हैं:

**पका हुआ खाना**

**दोपहर का भोजन**
हलवा
खिचड़ी
पुलाव
नमकीन दलिया
मीठा दलिया

**नाश्ता**
उबला मटर
उबला काला चना

**गृह राशन**

**बच्चे (7 महीने - 1 वर्ष)**
पंजीरी

**बच्चे (1 वर्ष - 3 वर्ष)**
पंजीरी
पका हुआ खाना



## 03 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की जिम्मेदारियां

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के काम के घंटे**
**9:00 AM - 4:00 PM**

**1 आंगनवाड़ी सेवाएं**

स्वास्थ्य मुद्रीकरण
गैर-औपचारिक पूर्व-विद्यालय गतिविधियाँ
न्यूनतापूर्वक पोषण
स्वास्थ्य और पोषण की शिक्षा
रेफरल सेवाएं

**2 टीम को सहायता**

ANM, PHC और ASHA कार्यकर्ता की सहायता करें

**3 प्रशासनिक कार्य**

सभी परिवारों का सर्वे
मृत्यु दर के रिकॉर्ड
ICDS फाइलें और रिकॉर्ड
CDPO के साथ समन्वय

**4 ICDS छतरी**

किशोरी शक्ति योजना का क्रियान्वयन

**5 सामुदायिक सहयोग**

परिवार की भागीदारी
महिला मंडलों का सहयोग

## B. शिकायत/सुझाव कैसे दर्ज करें?

### 1 समुदाय, और सक्रीय प्रतिभागियों/एक्टिविस्टों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए



**लोक शिकायत प्रबंधन सेवा**

PGMS दिल्ली में जन शिकायतों को दर्ज करने के का एक ऑनलाइन पोर्टल है। PGMS के तहत आवेदन दाखिल करने के लिए, निम्नलिखित जानकारी की जरुरत होती है।

- समस्या का विवरण
- सम्बंधित विभाग
- साइट का पता
- दस्तावेज़

### 2 फ्रंट-लाइन कार्यकर्ताओं के लिए



**ICDS - CAS**

ICDS- CAS पूरे भारत में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए बनाया गया एक मोबाइल एप्लिकेशन है। आंगनवाड़ी सेवाओं के तहत कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करते समय मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस एप्लिकेशन के माध्यम से नियमित निगरानी के लिए सर्वेक्षण रिपोर्ट, जमीनी स्थिति, सेवाओं की मांग आदि को अपलोड किया जाता है।



# स्रोत


1) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (2012) एकीकृत बाल विकास सेवाएं। http://icds-wcd.nic.in/

2) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (2009). 'आंगनवाड़ी ऑन डिमांड' के दिशानिर्देश

3) महिला एवं बाल विकास विभाग, दिल्ली. http://www.wcddel.in/icds.html

4) राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान. ICDS छतरी के अंतर्गत वाले वाली आंगनवाड़ी सेवा योजना में सर्वोत्तम अभ्यास. https://www.nipccd.nic.in/uploads/report/bestprac-1pdf-1f95bd5a02a6085276419857fd6418d3.pdf

5) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका और जिम्मेदारियां. https://wcd.nic.in/sites/default/files/Roles%20and%20Responsibilities%20of%20AWWs.pdf

6) ICDS CAS डैशबोर्ड http://icds-wcd.nic.in/nnm/NNM-Web-Contents/LEFT-MENU/ICT-RTM/ICDS-CAS_Dashboard_Manual_English.pdf

www.socialdesigncollab.org